# इष्टतम प्रतिफल की दिशा में रूपांतरण

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने वित्त वर्ष 2022 के दौरान वृद्धि की ओर बढ़ने का एक स्पष्ट एवं सुदृढ़ मार्ग दर्शाया है और औसत आस्तियों पर प्रतिफल आरओएए वित्त वर्ष 2021 के 0.27 से सुधार कर वित्त वर्ष 2022 में 0.47 हो गया है. हम वैविध्यपूर्ण व्यापार मॉडल के विकास को जारी रखेंगे जिसे हमने उन्नत तकनीक तथा डिजिटल क्षमताओं के साथ अपने ग्राहकों के व्यापार में निवेश करके अपने देशी और वैश्विक परिचालनों में सुदृढ़ वृद्धि लाकर और न्यून कार्बन अर्थव्यवस्था में परिवर्तन की दिशा में अर्थपूर्ण भूमिका निभाकर स्थापित किया है.

## वित्त वर्ष 2022 में किए गए सुदृढ़ निष्पादन की मुख्य बातें

### पूंजी अनुपातों में सुधार

सीआरएआर दिनांक 31.03.2021 के 12.56% से सुधर कर 31.03.2022 को 14.52% हो गया. सीईटी-.अनुपात दिनांक 31.03.2021 के 9.07% से सुधर कर दिनांक 31.03.2021 को 10.63% हो गया. पीसीआर भी 31 मार्च, 2021 के 81.27%से वर्ष दर वर्ष आधार पर 234 बीपीएस सुधर कर 31 मार्च, 2022 को 83.61% हो गया.

### एनपीए में कमी

दिनांक 31.03.2022 को सकल एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 263 बीपीएस गिरकर 11.11% हो गया एवं निवल एनपीए(%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 94 बीपीएस गिरकर 3.68% हो गया. ऋण लागत में वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में 89 बीपीएस की कमी आई.

### लाभांश

आवश्यक अनुमोदनों के अधीन निदेशक मंडल ने दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिये प्रति इक्विटी शेयर के लिए रु1.90 का लाभांश अनुमोदित किया है.

### खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई (रैम) खंड में ऋण वृद्धि

बैंक ने खुदरा में 8.65% की वृद्धि, कृषि में 10.80% की वृद्धि और एमएसएमई अग्रिम में 8.56% की वर्ष दर वर्ष आधार पर वृद्धि दर्ज की है. देशी ऋणों के सापेक्षत के तौर पर रैम अग्रिम 54.96% हो गए हैं.

### सुदृढ़ वित्तीय निष्पादन

बैंक का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2022 में 80.05% (वर्ष दर वर्ष) से बढ़ा है. बैंक की निवल ब्याज आय वित्त वर्ष 2022 के दौरान 12.55% (वर्ष दर वर्ष) एवं वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही में 25.29% (वर्ष दर वर्ष) की दर से बढ़ी है.


### व्यापार वृद्धि में गति आई है

अग्रिम में 7% (तिमाही दर तिमाही) एवं 9.60% (वर्ष दर वर्ष) की दर से वृद्धि हुई है जबकि जमा में 10.13% (तिमाही दर तिमाही) और 11.75% (वर्ष दर वर्ष) की दर से वृद्धि हुई है. 31 मार्च, 2022 को बैंक का कुल कारोबार रु.17,48,800करोड़ हो गया है.

### बैंक ने मजबूत देयता फ्रेंचाइजी के रूप में निष्पादन जारी रखा

कासा जमा 12.40% (वर्ष दर वर्ष) से बढ़े. वर्तमान में 31 मार्च, 2022 को बैंक का कुल जमा आधार रुपए10,32,392 करोड़ है. कासा अनुपात 36.33% (वर्ष दर वर्ष) से 21 बी पी एससुधर कर 36.54% हो गया है.

# लचीलापन, स्थिरता और वृद्धि पर निर्भरता




**14.52%**

बासल III के अंतर्गत सीआरएआर

11.50% न्यूनतम विनियामक आवश्यकता और यथा 31.03.2021 को 12.56% के सापेक्ष, यथा 31.03.2022 को 14.52% रहा.

**83.61%**

प्रावधान कवरेज अनुपात

यथा 31.03.2021 के 81.27% के सापेक्ष यथा 31.03.2022 में 83.61% रहा.

## वित्त वर्ष 2022 के लिए प्रमुख वित्तीय मानक

**₹17,48,800 करोड़**

वैश्विक कारोबार

यथा 31.03.2022 को, जो यथा 31.03.2021 को ₹1577490 करोड़ से 10.86% अधिक है

**2.94%**

वैश्विक एनआईएम

वित्त वर्ष 2022 के लिए 2.94% रहा.

**45.74%**

लागत आय अनुपात

वित्त वर्ष 2022 के लिए 45.74% रहा.

**₹10,32,392 करोड़**

कुल वैश्विक जमाएं

यथा 31.03.2022 को ₹ 10,32,392 करोड़ रहा.

**2.97%**

देशी एनआईएम

वित्त वर्ष 2022 के लिए 2.97% रहा.

**11.11%**

सकल एनपीए

यथा 31.03.2021 के 13.74% के सापेक्ष, यथा 31.03.2022 में 11.11% रहा.

**₹7,16,408 करोड़**

वैश्विक सकल अग्रिम

यथा 31.03.2022 को ₹ 7,16,408 करोड़ रहा.

**₹12,525 करोड़**

अन्य आय

यथा 31.03.2022 को ₹ 12,525 करोड़ रहा.

**3.68%**

निवल एनपीए अनुपात

यथा 31.03.2021 के 4.62% के सापेक्ष, यथा 31.03.2022 में 3.68% रहा.

**₹3,77,193 करोड़**

कासा जमा

यथा 31.03.2022 को ₹ 3,77,193 करोड़ रहा.

**₹21,873 करोड़**

परिचालन लाभ

वित्त वर्ष 2022 के लिए, वित्त वर्ष 2021 के लिए ₹19,667 करोड़ से 11.22% अधिक है.

**12.20%**

टियर I पूंजी

यथा 31.03.2022 को 12.20% रहा.

**₹27,786 करोड़**

निवल ब्याज आय

वित्त वर्ष 2022 के लिए ₹ 27,786 करोड़ रहा.

**7.14%**

अग्रिमों पर प्रतिफल

वित्त वर्ष 2021 में 7.21% के सापेक्ष, वित्त वर्ष 2022 के लिए 7.14% रहा.

**10.63%**

सीईटी I पूंजी

यथा 31.03.2022 को 10.63% रहा.